यूटीआइआइटीएसएल ने महानगर में खोला आधार सेवा केंद्र

- दुर्गापुर व सिलीगुड़ी में भी सेवा केंद्र खोलने की है योजना

कोलकाता. यूटीआइ इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (यूटीआइआइटीएसएल) ने महानगर में आधार सेवा केंद्र खोला है. इसका उद्घाटन यूटीआइआइटीएसएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय कुमार जैन द्वारा यूआइडीएआइ के अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया. यह केंद्र, आधार को डेटा में अपडेट करने तथा संबंधित सेवाएं प्रदान करेगा. श्री जैन ने कहा कि नयी दिल्ली और नवी मुंबई के बाद कोलकाता में यह हमारा तीसरा आधार सेवा केंद्र है. कोलकाता के बाद, हमनें पश्चिम बंगाल में दो और सेवा केंद्र, दुर्गापुर और सिलीगुड़ी में स्थापित करने की योजना बनायी है. हम गुवाहाटी, हैदराबाद और जयपुर से अपने आधार सेवा केंद्र को तुरंत शुरू करने की योजना भी बना रहे हैं और आगे हमारी सभी 47 शाखाओं और भारत के अन्य स्थानों तक इसका विस्तार किया जायेगा. उन्होंने आगे कहा कि हमें भारत के नागरिकों को ये सेवाएं प्रदान करने के लिए यूआइडीएआइ के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है. यह आधार सेवा केंद्र कोलकाता के मुख्य वाणिज्यिक केंद्र, बीबीडी बाग, 29 नेताजी सुभाष रोड , निचले तल पर स्थित है.